तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, रविवार 22 फरवरी 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



12 रासेयो के स्वयंसेवकों ने सेवा कार्य के साथ किया...



13 साथी बाजार का काम शुरू, बनेंगे कोल्ड स्टोरेज...

## खबर संक्षेप

### सीएम साय के जन्मदिन पर ओबीसी मोर्चा ने जिला अस्पताल में किया फल वितरण



**बेमेतरा।** विष्णु देव साय के जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा द्वारा जिला चिकित्सालय बेमेतरा में फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई।

कार्यक्रम के दौरान भाजपा भाजपा ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश मंत्री एवं सरगुजा संभाग प्रभारी होरीलाल सिन्हा एवं पदाधिकारियों ने कहा कि मुख्यमंत्री के जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाते हुए समाज के जरूरतमंद वर्गों के बीच सेवा कार्य करना संगठन की प्राथमिकता है। जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों को फल प्रदान कर उनके प्रति संवेदनशीलता व्यक्त की गई।

ये रहे उपस्थित। इस अवसर पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश मंत्री एवं सरगुजा संभाग प्रभारी होरी लाल सिन्हा, जिला अध्यक्ष रेवाराम निषाद, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विजय सिन्हा, मंडल अध्यक्ष युगल देवांगन, पूर्व जिला अध्यक्ष राजू देवांगन, पार्षद नीतू कोठारी, लकी साहू, विकास तंबोली, निषाद समाज जिला अध्यक्ष दिलीप निषाद, जिला महामंत्री राम अवतार कश्यप, जिला उपाध्यक्ष पिंटू सिन्हा, प्रवक्ता दौलत नाथ योगी सहित ओबीसी मोर्चा एवं भाजपा के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की तथा सेवा कार्यों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

### भाई बहन आए हाईवा की चपेट में, गंभीर चोटें

**सेलूद।** दुर्ग जिले के सेलूद में आत्मानंद विद्यालय सेलूद से छुट्टी होने के बाद घर वापस लौट रहे भाई और बहन को एक तेज रफ्तार हाइवा ने अपनी चपेट में ले लिया। घटना बावाकुटी और सेलूद बस्ती के पास बने पुल के पास दोपहर 12 बजे के पास हुई। हादसे में छात्र और छात्रा दोनों को गंभीर चोटें आई हैं। उनकी साइकिल क्षतिग्रस्त हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर मारने के बाद हाइवा वहां से भाग गया। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत दोनों घायलों को उठाकर उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। घायल छात्र का इलाज सेलूद के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। चिकित्सकों के मुताबिक छात्र के सिर में चोट आई है उसकी स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

# आंकड़ों में बड़ा बदलाव : 8,01,756 से घटकर 7,25,023 हुए मतदाता

## विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद अंतिम सूची जारी, ड्राफ्ट के बाद 8,388 की शुद्ध वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले की मतदाता सूची में चार माह चले विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के बाद उल्लेखनीय परिवर्तन दर्ज किया गया है। प्रारंभिक स्थिति में जहां जिले में कुल 8,01,756 मतदाता दर्ज थे, वहीं अंतिम प्रकाशन के समय यह संख्या घटकर 7,25,023 रह गई है। हालांकि ड्राफ्ट सूची के बाद 8,388 मतदाताओं की शुद्ध वृद्धि दर्ज की गई, लेकिन समग्र रूप से आंकड़ों में आई कमी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि व्यापक सत्यापन के दौरान अपात्र और दोहराव वाली प्रविष्टियों को हटाने की सख्त कार्रवाई की गई।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने 21 फरवरी शनिवार कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज, उप जिला निर्वाचन अधिकारी दीप्ती वर्मा, सभी एसडीएम तथा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



### पारदर्शिता और डिजिटल सुविधा पर जोर

अभियान के दौरान नवीनतम फोटोग्राफ अपडेट किए गए तथा जिनके प्रपत्र प्राप्त नहीं हुए, उनकी जानकारी सार्वजनिक की गई। मतदाता अपने नाम की जांच राज्य की आधिकारिक वेबसाइट, वोटर पोर्टल व मोबाइल ऐप के माध्यम से कर सकते हैं। नाम जोड़ने के लिए प्रपत्र-6, संशोधन/स्थानांतरण हेतु प्रपत्र-8 और आपत्ति के लिए प्रपत्र-7 के माध्यम से ऑनलाइन एवं ऑफलाइन आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता ही निष्पक्ष चुनाव की आधारशिला है। "कोई मतदाता न छूटे" के संकल्प के साथ प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने नाम की जांच अवश्य करें और आवश्यक संशोधन समय रहते कराएं।

### चार माह तक चला विशेष अभियान

भारत निर्वाचन आयोग तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार 27 अक्टूबर 2025 से जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान प्रारंभ किया गया था। 870 बीएलओ ने घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों का सत्यापन किया और 5,96,373 मतदाताओं के विवरण का मिलान कराया। प्राप्त दावा-आपत्तियों का निराकरण 14 फरवरी ▶▶|शेष पेज 12 पर

## हादसा : अंबे पेट्रोल पंप के पास 19 वर्षीय हर्षल की दर्दनाक मौत

# एनएच पर दिखा रफ्तार का कहर एक ही रात में चार युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में शुक्रवार की रात सड़क हादसों की भयावह तस्वीर सामने आई, जब अलग-अलग दुर्घटनाओं में चार युवकों की जान चली गई। जिला मुख्यालय के समीप कवर्धा-बेमेतरा नेशनल हाईवे पर स्थित अंबे पेट्रोल पंप के पास मध्य रात्रि हुए दर्दनाक हादसे में 19 वर्षीय हर्षल प्रधान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी मनीष साहू गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक का उपचार जारी है।

- केशडबरी में आमने-सामने भिड़ीं दो बाइकें, तीन की मौके पर गई जान

मिली जानकारी के अनुसार हर्षल प्रधान (19), निवासी रावण भाटा खमतराई रायपुर, और उसका मित्र मनीष साहू, निवासी बेरलाकला नवापारा कंडरका (बेरला), डीजे साउंड व्यवसाय से जुड़े हुए हैं। दोनों युवक कबीरधाम से कार्यक्रम संपन्न कर देर रात वापस लौट रहे थे। शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात करीब दो बजे जब वे अंबे पेट्रोल पंप के पास भवानी ढाबा के समीप पहुंचे, तभी किसी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि हर्षल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मनीष गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर तड़पता रहा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। थाना प्रभारी सोनल ग्वाला के अनुसार अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया गया है तथा वाहन की पहचान और आरोपी की तलाश के लिए आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।



### इसी रात केशडबरी में भी तीन युवकों की गई जान

गौरतलब है कि शुक्रवार की रात करीब 9 बजे बेमेतरा-दुर्ग मार्ग पर स्थित ग्राम केशडबरी में भी दो बाइकों के बीच आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई थी, जिसमें तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। इस तरह एक ही रात में जिले में चार युवकों की असामयिक मौत से मातम का माहौल है। लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं ने एक बार फिर नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के खतरे को उजागर कर दिया है। स्थानीय नागरिकों ने हाईवे पर रात्रिकालीन गश्त बढ़ाने, तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण और पेट्रोलिंग सख्त करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की दर्दनाक घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

# होनहार छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान, बैजलपुर में सनसनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

थाना क्षेत्र के ग्राम बैजलपुर में सोमवार को एक होनहार छात्रा द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। 22 वर्षीय चांदनी साहू ने अज्ञात कारणों के चलते अपने मामा के घर में फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना की खबर मिलते ही गांव में शोक और स्तब्धता का माहौल छा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतिका चांदनी साहू (22) मूलतः ग्राम रोद्रा की निवासी थी और वर्तमान में अपने मामा के घर ग्राम बैजलपुर में रहकर पढ़ाई कर रही थी। बताया जा रहा है कि सोमवार को घर के एक कमरे में उसने फांसी का फंदा बनाकर आत्मघाती कदम उठा लिया। परिजनों को जब घटना की जानकारी मिली तो तत्काल पुलिस को सूचित किया गया।

- आईटीआई की छात्रा व कोचिंग सेंटर की टॉपर थी चांदनी, पुलिस जांच में जुटी

सूचना मिलते ही बेमेतरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक पंचनामा कार्रवाई पूरी की। इसके बाद शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बेमेतरा भेज दिया गया। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। परिजनों और परिचितों के अनुसार चांदनी पढ़ाई में बेहद मेधावी थी। वह स्थानीय स्तर पर संचालित श्री राम एकेडमिक कोचिंग सेंटर की टॉपर रही थी और वर्तमान में आईटीआई की पढ़ाई कर रही थी। उसके इस कदम से परिवार, रिश्तेदारों और शिक्षकों में गहरा सदमा है। लोगों का कहना है कि इतनी होनहार और शांत स्वभाव की छात्रा द्वारा ऐसा कदम उठाना समझ से परे है।

**पुलिस कर रही है मामले की जांच-** पुलिस सूत्रों के अनुसार अभी तक आत्महत्या के स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल सका है। जांच के दौरान परिजनों और परिचितों से पूछताछ की जा रही है तथा मोबाइल कॉल डिटेल सहित अन्य पहलुओं की भी जांच की जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति और स्पष्ट हो सकेगी। घटना ने एक बार फिर युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य और पारिवारिक संवाद की आवश्यकता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। फिलहाल पूरे गांव में शोक की लहर है और परिजन सदमे में हैं। पुलिस ने कहा है कि मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है और तथ्य सामने आने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शैक्षणिक सत्र 2025-26 में राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए राज्य के भीतर शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी क्रम में 18 फरवरी 2026 को जिला बेमेतरा के चयनित 100 विद्यार्थियों को दुर्ग जिले स्थित भिलाई के प्रसिद्ध मैत्री गार्डन (चिड़ियाघर) का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान, पर्यावरण एवं जैव विविधता के प्रति रुचि जागृत करना तथा कक्षा में पढ़ाए जाने वाले विषयों को व्यवहारिक रूप में समझने का अवसर प्रदान करना था। शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना होने से पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी गेंदराम चतुर्वेदी एवं जिला मिशन समन्वयक (समग्र शिक्षा) राजकुमार वर्मा ने बस को हरी झंडी दिखाकर विद्यार्थियों को उत्साहपूर्वक रवाना किया।अधिकारियों ने विद्यार्थियों को अनुशासन बनाए रखते हुए भ्रमण का अधिकतम शैक्षणिक लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर शिक्षकों एवं अभिभावकों ने भी बच्चों को शुभकामनाएँ दीं। भ्रमण दल में जिले के चारों विकासखंडों से नामांकित विद्यार्थी शामिल थे। उनके साथ संबंधित विकासखंडों के नोडल अधिकारी, एस्कॉर्ट शिक्षक एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी ▶▶|शेष पेज 12 पर



# 10वीं बोर्ड के परीक्षार्थियों ने शांतिपूर्ण माहौल में लिखा हिन्दी का पर्चा, समसामयिक विषयों ने खींचा ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं की हिंदी बोर्ड परीक्षा के पहले दिन नवागढ़ ब्लॉक के सभी परीक्षा केंद्रों में परीक्षा शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित और अनुशासित माहौल में संपन्न हुई। परीक्षा का संचालन पूरी सख्ती और पारंपरिक व्यवस्था के बीच हुआ। दिलचस्प यह रहा कि प्रश्नपत्र में इंटरनेट आज की आवश्यकता जैसे आधुनिक विषय पर निबंध लिखवाया गया, जबकि परीक्षा व्यवस्था अब भी पूरी तरह कागज-कलम और घंटी की आवाज पर ही निर्भर दिखी।

पहले दिन के प्रश्नपत्र में विद्यार्थियों की भाषा क्षमता, लेखन कौशल और सामाजिक समझ को परखने के लिए समसामयिक विषयों को प्रमुखता दी गई। 150 से 200 शब्दों में निबंध लेखन के लिए महिला सशक्तिकरण, बेरोजगारी की समस्या, पर्यावरण प्रदूषण, इंटरनेट आज की आवश्यकता तथा स्वस्थ जीवन शैली में खेलों की भूमिका जैसे विषय दिए गए। कई विद्यार्थियों ने परीक्षा के बाद चर्चा करते हुए कहा कि बेरोजगारी पर निबंध लिखते समय उन्हें अपने भविष्य की चिंता भी याद आ गई।

- सभी केंद्रों पर कड़ी निगरानी, अनुशासित माहौल में हुई परीक्षा

**पत्र लेखन में 'व्यावहारिक' अनुभव-** प्रश्नपत्र में पत्र लेखन के अंतर्गत बिजली आपूर्ति की समस्या को लेकर संबंधित अधिकारी को शिकायत पत्र या पिता की आर्थिक स्थिति का उल्लेख करते हुए शुल्क मुक्ति हेतु आवेदन पत्र लिखने को कहा गया। कई परीक्षार्थियों ने मुस्कुराते हुए बताया कि बिजली कटौती का अनुभव पहले से होने के कारण यह प्रश्न जमीनी हकीकत से जुड़ा लगा और उत्तर लिखना आसान रहा।

**अपठित गद्यांश में बाल-मजदूरी जैसे गंभीर-** सामाजिक विषय पर आधारित प्रश्न शामिल किए गए, जिससे विद्यार्थियों की सामाजिक जागरूकता और विश्लेषण क्षमता का परीक्षण हुआ। कुछ छात्रों ने हल्के अंदाज में कहा कि बोर्ड परीक्षा की तैयारी ही उन्हें किसी मेहनत-मजदूरी से कम नहीं लगी।

**कड़ी निगरानी, चाक-चौबंद व्यवस्था-** परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा, प्रश्नपत्र वितरण और उत्तर पुस्तिकाओं के संकलन की सख्त व्यवस्था रही। केंद्राध्यक्षों एवं पर्यवेक्षकों की निगरानी में परीक्षा निर्धारित समय पर शुरू होकर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। अधिकारियों ▶▶|शेष पेज 12 पर

## 3 किलोवाट सोलर सिस्टम की लागत में अंतर ने बढ़ाई शंका

# पीएम सूर्य घर योजना पर उठे सवाल, बढ़े कोटेशन व कथित सांठगांठ से अनियमितताओं की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अब जिले में गंभीर सवालों के घेरे में आ गई है। आम उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली और सस्ती सौर ऊर्जा का सपना दिखाने वाली इस योजना में कथित तौर पर वेंडर्स की मनमानी, बढ़े हुए कोटेशन और विभागीय साठगांठ के चलते बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताओं की आशंका जताई जा रही है। यदि समय रहते सख्त निगरानी और पारदर्शी जांच नहीं हुई, तो यह मामला भविष्य में एक बड़े 'लोन घोटाले' का रूप ले सकता है।

तकनीकी विशेषज्ञों के अनुसार 3 किलोवाट क्षमता का सोलर सिस्टम—ब्रांडेड पैनल और गुणवत्तापूर्ण 'हॉट डिप गैल्वेनाइज्ड' स्ट्रक्चर सहित—1.80 लाख से 2 लाख के भीतर सहजता से स्थापित किया जा सकता है। लेकिन जमीनी स्तर पर किए गए सर्वे और विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी बताती है कि कुछ वेंडर्स बैंकों को 2.10 लाख से 2.40 लाख तक के कोटेशन भेज रहे हैं। बैंकों द्वारा यदि इन आवेदनों की तकनीकी और वित्तीय जांच गहराई की गई, तो बढ़ी हुई लागत के आधार पर स्वीकृत ऋण भविष्य में डिफॉल्ट और घोटाले की स्थिति पैदा कर सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि फाइनेंस से पहले आरटीएस,साइट फिजिबिलिटी रिपोर्ट, जियो-ट्रैकिंग फोटो, इंस्टॉलेशन के बाद डीसीआर सर्टिफिकेट और सामग्री की गुणवत्ता सत्यापन अनिवार्य किया जाना चाहिए। मामले की गंभीरता तब और बढ़ जाती है जब बिजली विभाग के कुछ कर्मचारियों की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि विभाग में पदस्थ कुछ अधिकारी अपने शासकीय दायित्वों से इतर चुनिंदा वेंडर्स के लिए 'एजेंट' की तरह ▶▶|शेष पेज 12 पर

### शासन से उच्च स्तरीय जांच की मांग



स्थिति को देखते हुए जानकारों और सामाजिक संगठनों ने छत्तीसगढ़ शासन के ऊर्जा विभाग, राज्य विद्युत मंडल और जिला प्रशासन से तत्काल संज्ञान लेने की मांग की है। सुझाव दिया गया है कि अब तक हुए सभी इंस्टॉलेशन की भौतिक और तकनीकी जांच कराई जाए। वास्तविक लागत और स्वीकृत लोन राशि का तुलनात्मक ऑडिट किया जाए। संदिग्ध मामलों को आर्थिक अपराध अन्वेषण इकाई और विजिलेंस को सौंपा जाए। बैंकों को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी कर गुणवत्ता मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाए।

# भाजपा नेता योगेश ने बुजुर्गों के बीच मनाया मुख्यमंत्री साय का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



विष्णुदेव साय के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने सेवा, सम्मान और आत्मीयता का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने दिन की शुरुआत आश्रम माँ गोदावरी आनंद वन आश्रम में निवासरत बुजुर्ग माताओं-पिताओं के बीच पहुँचकर की, जहाँ सादगीपूर्ण वातावरण में जन्मदिन उत्सव मनाया गया।

इस अवसर पर योगेश तिवारी ने बुजुर्गों के साथ केक काटा, उनका आशीर्वाद लिया तथा फल एवं मिठाई वितरित कर मुख्यमंत्री के दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान आश्रम परिसर में भावनात्मक और श्रद्धापूर्ण माहौल बना रहा। बुजुर्गों ने भी मुख्यमंत्री के स्वस्थ, सफल और दीर्घ जीवन के लिए आशीर्वचन दिए तथा प्रदेश की निरंतर प्रगति की कामना की। योगेश तिवारी ने कहा कि बुजुर्ग समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके अनुभव, संस्कार और मार्गदर्शन से ही समाज सशक्त बनता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के जन्मदिन को सेवा और सम्मान के साथ मनाना ही सच्ची शुभकामना है। समाज के वरिष्ठजनों के बीच समय बिताना अपने आप में प्रेरणादायी अनुभव है।

**सीएम का समर्पण भाव प्रदेश के लिए प्रेरणास्त्रोतः तिवारी-** कार्यक्रम के पश्चात योगेश तिवारी ने मुख्यमंत्री श्री साय को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए बेमेतरा जिले की जनता की ओर से भी शुभकामना संदेश भेजा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विकास, सुशासन और जनसेवा की नई दिशा में अग्रसर है। प्रदेश ▶▶|शेष पेज 12 पर

# रासेयो के स्वयंसेवकों ने सेवा कार्य के साथ किया योग व ध्यान

## भानपुरी में राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भानपुरी में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन की शुरुआत प्रभात फेरी से हुई। इसके पश्चात स्वयंसेवकों के लिए हार्टफुलनेस के अंतर्गत ध्यान एवं पुनरोद्धार सत्र आयोजित किया गया, जिससे सभी स्वयंसेवकों को मानसिक शांति एवं नई ऊर्जा प्राप्त हुई।

परियोजना कार्य (श्रमदान) के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने नालियों की सफाई तथा विद्यालय परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। विद्यालय गतिविधियों के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता तथा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मकता एवं वैज्ञानिक सोच का प्रदर्शन किया। स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम में नशा मुक्ति विषय पर सर्वेक्षण किया गया तथा ग्रामीणों को जागरूक करने के उद्देश्य से नशा मुक्ति रैली भी निकाली गई। इस रैली के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई और लोगों को नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

दोपहर में स्वयंसेवकों द्वारा सामूहिक रूप से भोजन तैयार किया गया, जिससे टीमवर्क और सहयोग की भावना को बढ़ावा मिला। इस अवसर पर ई.ई.ई. विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अनुप मिश्रा एवं उनके संकाय सदस्यों ने शिविर का भ्रमण किया। साथ ही एम.बी.ए. विभाग के प्राध्यापकों ने भी शिविर का निरीक्षण कर स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग की डॉ. श्वेता खरैया एवं मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशंस विभाग की डॉ. विनीता गुप्ता ने बालिकाओं के लिए स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विषय पर विशेष सत्र लिया, जिसमें व्यक्तिगत स्वच्छता, स्वास्थ्य संबंधी आदतों तथा जागरूकता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

शिविर का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शबाना नाज़ सिद्दीकी एवं अभिजीत लाल के मार्गदर्शन में किया गया। इस शिविर को संस्थान के प्राचार्य डॉ. एसके जायसवाल तथा प्रबंधन का विशेष मार्गदर्शन एवं सहयोग प्राप्त हो रहा है।

संध्या समय खेलकूद गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिससे स्वयंसेवकों और बच्चों के बीच आपसी सहयोग और उत्साह बढ़ा। रात्रि में स्वयंसेवकों द्वारा बच्चों को पढ़ाया गया, जिससे शिक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। इस प्रकार शिविर का चौथा दिन सेवा, जागरूकता, शिक्षा और सहयोग की भावना के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## खबर संक्षेप

### संगीतमय श्री रामकथा का आयोजन 24 से



**धमधा।** ग्राम बरहापुर में स्व. लेबराम वर्मा एवं स्व. कालिंदी बाई वर्मा की पुण्य स्मृति में 24 फरवरी से 28 फरवरी तक दिव्य संगीतमय श्री रामकथा का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन ग्राम बरहापुर (धमधा) में प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक संपन्न होगा। आयोजकों ने बताया कि 24 फरवरी को भव्य कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। 24 से 28 फरवरी तक प्रतिदिन रामकथा का रसपान श्रद्धालुओं को कराया जाएगा। कथा स्थल बरहापुर चौक से धमधा रोड की ओर लगभग 500 मीटर की दूरी पर उत्तर दिशा में स्थित है। कार्यक्रम के कलश यात्रा 24 फरवरी को सुबह 11 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक श्री शिवकुमार वर्मा–सुमित्रा वर्मा, श्री देवेंद्र वर्मा–दुर्गा वर्मा तथा खिलावन वर्मा–किरण वर्मा हैं। वहीं हिंछा राम वर्मा–चंपा वर्मा, विश्राम पटेल–उर्मिला पटेल एवं बलराम वर्मा–जमुना वर्मा सहित समस्त वर्मा परिवार एवं क्षेत्रवासी इस आयोजन में सहयोग कर रहे हैं।

### भाजपा कार्यकर्ताओं को दिया जाएगा प्रशिक्षण

**धमधा।** भारतीय जनता पार्टी के जिला भिलाई के प्रभारी रामजी भारती और जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन के नेतृत्व बैठक की गई। इसमें बताया गया कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठनात्मक सशक्तिकरण और कार्यकर्ताओं के वैचारिक व कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। रामजी भारती ने कहा कि प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को संगठन की कार्यपद्धति, विचारधारा, सेवा कार्यों और जनसंपर्क अभियान की प्रभावी रणनीति से अवगत कराना है। शिविर में वरिष्ठ पदाधिकारी और अनुभवी वक्ता विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन देंगे। शिविर के प्रमुख विषयों में संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार, सोशल मीडिया का प्रभावी उपयोग तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा शामिल रहेगी।

## अंडा थाने में महिला कमांडो का सिविल डिफेंस प्रशिक्षण एवं प्रेरणा सम्मेलन आयोजित

# गांवों में महिलाएं नशा मुक्ति, सुरक्षा और सामाजिक जागरुकता के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं : शमशाद

### 'सशक्त नारी-सशक्त छत्तीसगढ़' और 'नशा मुक्त समाज-सुरक्षित समाज' का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा





वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा-निर्देशन में शुक्रवार को अंडा थाना परिसर में महिला कमांडो के लिए सिविल डिफेंस प्रशिक्षण एवं प्रेरणा सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मणीशंकर चंद्रा के नेतृत्व तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी अनुप लकड़ा पाटन एवं डॉ. चित्रा वर्मा के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस प्रेरक आयोजन में दुर्ग जिले सहित लगभग 40 गांवों की महिला कमांडो ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। थाना अंडा, थाना पुलगांव, चौकी अंजोरा, नगपुरा, जेवरा सिरसा, थाना बोरी और चौकी लिटिया-सेमरिया क्षेत्र की करीब 500 महिला कमांडो की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मरक्षा, आपदा प्रबंधन, सामाजिक सुरक्षा तथा नशा मुक्ति अभियान के प्रति जागरूक करना था। उपस्थित महिला कमांडो को पद्मश्री शमशाद बेगम सामाजिक कार्यकर्ता एवं महिला कमांडो की संस्थापिका तथा रसीद खान सचिव, महिला कमांडो ने संगठन के उद्देश्य, कार्यशैली और समाज में उनकी भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे अपने गांवों में नशा मुक्ति, महिला सुरक्षा और सामाजिक जागरुकता के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान जिला सेनानी नागेंद्र सिंह एवं एसडीआरएफ की टीम ने महिला कमांडो को प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ़, भूकंप और आगजनी की स्थिति में बचाव एवं राहत कार्यों की व्यावहारिक जानकारी दी। टीम द्वारा आपदा के समय सतर्कता, प्राथमिक उपचार और बचाव के प्रभावी तरीकों का प्रदर्शन भी किया गया, जिससे महिलाओं में आत्मविश्वास और जिम्मेदारी की भावना और अधिक मजबूत हुई।

कार्यक्रम के दौरान महिला सशक्तिकरण, सामाजिक समरसता एवं नशा मुक्ति को लेकर विशेष जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि जब महिलाएं संगठित होकर आगे बढ़ती हैं, तो समाज में सकारात्मक बदलाव निश्चित होता है। ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं अब आत्मविश्वास के साथ सामाजिक कुरीतियों और नशे के खिलाफ अभियान चलाने के लिए तैयार हैं।

कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी महिला कमांडो ने सामूहिक रूप से 'सशक्त नारी-सशक्त छत्तीसगढ़ तथा 'नशा मुक्त समाज-सुरक्षित समाज' का संकल्प लिया। यह आयोजन महिला सशक्तिकरण और सामाजिक जागरुकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक कदम साबित हुआ।

## अंचल की खबरें

### आंगनबाड़ी में मनाया वजन त्यौहार



**अंडा।** ग्राम पंचायत आमटी के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 में वजन त्यौहार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं का वजन एवं ऊंचाई का माप लिया गया। वजन त्यौहार के दौरान प्राप्त मापदंडों के आधार पर कुपोषित बच्चों तथा गर्भवती एवं धात्री महिलाओं की पहचान की गई। चिन्हांकित हितग्राहियों को संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच एवं उचित देखरेख के संबंध में आवश्यक सलाह दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों और माताओं के स्वास्थ्य में सुधार लाना तथा कुपोषण की समस्या को कम करना है।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत आमटी की सरपंच दुर्गा पुरुषोत्तम चौधरी, उप सरपंच डॉ. तुला राम साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शशिकला चौधरी, मितानिन ललिता चौधरी, पंचगण चमेली निषाद, शारदा पटेल, गुंजा साहू, पंकज पटेल, राजेश देवांगन सहित ग्रामीणजन रामहीन पटेल, कमला, भुनेश्वरी, ऋषि, मालती, मीना शर्मा, तिलेश्वरी, गणेशी एवं अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली तथा सभी ने बच्चों और माताओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए नियमित जांच एवं पोषण पर विशेष ध्यान देने का संकल्प लिया।

### धमधा तहसील फिर विवादों में, लोग परेशान

**धमधा।** धमधा तहसील एक बार फिर अपनी कार्यप्रणाली को लेकर चर्चा में है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि त्रुटि सुधार और अन्य राजस्व प्रकरणों में अनावश्यक देरी, बार-बार पेशी और कार्यालय स्तर पर कथित लेन-देन की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इससे पहले भी तहसील की कार्यप्रणाली को लेकर कई बार आरोप लगे थे। कुछ मामलों में शिकायतकर्ताओं ने दस्तावेजों और तथ्यों के आधार पर अनियमितताओं को उजागर करने का दावा भी किया था। बावजूद इसके, व्यवस्था में अपेक्षित सुधार दिखाई नहीं दे रहा है। वर्तमान में भी कई त्रुटि सुधार प्रकरण ऐसे बताए जा रहे हैं, जिनमें पटवारी प्रतिवेदन और जांच पूरी हो चुकी है, लेकिन ऑनलाइन पोर्टल पर मामले लंबित दिख रहे हैं। आवेदकों का आरोप है कि पेशी दर पेशी तारीख दी जाती है, जिससे लोगों को बार-बार कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। इससे खासकर किसानों और मजदूर वर्ग को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

कुछ नागरिकों ने यह भी आरोप लगाया है कि फाइल आगे बढ़ाने या डेटा अपडेट करने के नाम पर अनौपचारिक रूप से पैसे की मांग की जाती है। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। प्रशासन की ओर से भी इस संबंध में स्पष्ट प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

लगातार उठ रहे सवालों के बीच अब क्षेत्रवासियों की मांग है कि उच्च स्तर से जांच कराई जाए, लंबित मामलों का समयबद्ध निराकरण हो और तहसील की कार्यप्रणाली को पारदर्शी बनाया जाए। यदि समय रहते सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए, तो तहसील की छवि पर और असर पड़ सकता है। अब निगाहें जिम्मेदार अधिकारियों की कार्रवाई पर टिकी हैं।

### अटल डिजिटल सेवा केन्द्र का शुभारम्भ



**सेलूद।** जनपद पंचायत पाटन अंतर्गत ग्राम पंचायत चुनकट्टा में अटल डिजिटल सेवा केन्द्र का शुभारंभ ग्राम पंचायत की सरपंच रोशनी सोनु राय ने किया। इस अवसर पर उपसरपंच अजय सिंह राजपूत, छत्रपाल सिंह राजपूत, रीना मानिकपुरी, पंचायत सचिव युगल किशोर ठाकुर, भागवत यदु सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### तिरगा में मनाई शिवाजी महाराज जयंती



**अंडा।** ग्राम तिरगा में दिल्लीवार कुर्मी समाज एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा वीर शौर्य और स्वाभिमान के प्रतीक छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में शिवाजी महाराज की स्थापित प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया गया तथा उनके आदर्शों को नमन किया गया। इस अवसर पर दिल्लीवार कुर्मी समाज के पदाधिकारी एवं ग्राम प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

वक्ताओं ने शिवाजी महाराज के साहस, राष्ट्रभक्ति और सुशासन की नीति पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन जयघोष एवं देशभक्ति नारों के साथ हुआ। कार्यक्रम में विजय बेलचंदन केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य, दधिश देशमुख सर्किल युवा अध्यक्ष, गैंदलाल देशमुख ग्राम प्रधान, रामसाय बेलचंदन उप प्रधान, शिवाजी स्मारक अध्यक्ष युवराज देशमुख, पीतांबर देशमुख, अघनू देशमुख, वीरेन बेलचंदन, मुन्ना देशमुख, पुरुषोत्तम दिल्लीवार, शिव प्रसाद देशमुख, हीरालाल दिल्लीवार, अजय देशमुख, सुशील देशमुख, नंदकुमार देशमुख, गोपी देशमुख, सुरेश देशमुख, बिहऊराम देशमुख, सुदर्शन निषाद, धनेश यादव, दौवा देशमुख सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष...

### आंकड़ों में बड़ा...

2026 तक कर लिया गया। **आंकड़ों की पूरी तस्वीर-** प्रारंभिक स्थिति (27 अक्टूबर 2025) – 8,01,756 मतदाता प्रारूप सूची (23 दिसंबर 2025) – 7,16,635 मतदाता **अंतिम प्रकाशन (21 फरवरी 2026) – 7,25,023 मतदाता-** ड्राफ्ट सूची के बाद 9,043 नए नाम जोड़े गए, 655 नाम विलोपित किए गए, जिससे 8,388 की शुद्ध वृद्धि दर्ज हुई। हालांकि प्रारंभिक आंकड़े की तुलना में कुल संख्या में कमी दर्शाती है कि सत्यापन के दौरान बड़ी संख्या में अपात्र, मृत अथवा स्थानांतरित मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए। इस तरह विधानसभा क्षेत्रवार स्थिति के तौर पर साजा – 2,36,203 बेमेतरा – 2,30,552 नवागढ़ (अ.जा.) – 2,58,268 मौजूद है।

### राष्ट्रीय अविष्कार...

उपस्थित रहे, जिससे बच्चों की सुरक्षा, मार्गदर्शन एवं समुचित देखरेख सुनिश्चित की जा सके। मैत्री गार्डन पहुँचकर विद्यार्थियों ने विभिन्न वन्यजीवों, पक्षियों एवं जैव विविधता को नजदीक से देखा तथा उनके आवास, खान-पान एवं संरक्षण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं। शिक्षकों द्वारा बच्चों को वन्यजीव संरक्षण, पर्यावरण संतुलन एवं जैव विविधता के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। विद्यार्थियों के मनोरंजन एवं ज्ञानवर्धन के लिए टॉय ट्रेन की सवारी भी कराई गई, जिससे बच्चों में विशेष उत्साह देखा गया। भ्रमण के दौरान सभी विद्यार्थियों को सामूहिक रूप से भोजन कराया गया तथा उनकी सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया। पूरे कार्यक्रम में बच्चों ने अनुशासन एवं उत्साह का परिचय देते हुए सक्रिय सहभागिता निभाई। इस शैक्षणिक भ्रमण का संचालन दल प्रभारी रेणुका चौबे (समावेशी शिक्षा जिला प्रभारी) रजनी देवांगन एवं सरिता सतनामी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। जिला मिशन समन्वयक एवं सहायक कार्यक्रम समन्वयक खेमराज साहू के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत आयोजित इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, वैज्ञानिक दृष्टिकोण के संवर्धन तथा व्यवहारिक ज्ञानार्जन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग द्वारा भविष्य में भी ऐसे नवाचारी कार्यक्रमों के आयोजन का संकल्प व्यक्त किया गया है।

### 10वीं बोर्ड के...

ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और निष्पक्ष परीक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। परीक्षा केंद्रों के बाहर अभिभावकों की भीड़ और विद्यार्थियों के चेहरों पर तनाव व उत्साह का मिश्रित भाव देखने को मिला। परीक्षा देकर बाहर निकले विद्यार्थियों ने प्रश्नपत्र को संतुलित और पाठ्यक्रम आधारित बताया। विवेक मिश्रा ने पर्यावरण प्रदूषण विषय पर निबंध लिखा और कहा कि तैयारी के अनुरूप प्रश्न आने से परीक्षा सरल लगी। माधवी ने बिजली समस्या पर शिकायत पत्र लिखते हुए कहा कि विषय व्यावहारिक होने से उत्तर लिखना आसान रहा। अरमान बंजारे के अनुसार अपठित गद्यांश थोड़ा विचारणीय था, लेकिन अन्य प्रश्न सहज रहे। दिशांत माण्डले ने बताया कि निबंध और व्याकरण में अधिक समय लगा, फिर भी पूरा प्रश्नपत्र हल कर लिया रितेश जोशी ने स्वस्थ जीवन शैली में खेलों की भूमिका पर निबंध लिखते हुए प्रश्नपत्र को संतुलित बताया। वेदप्रकाश यादव ने वस्तुनिष्ठ और पत्र लेखन के प्रश्नों को आसान बताते हुए समय पर उत्तर पूरा होने की बात कही। पहले दिन की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न होने के बाद प्रशासन ने आगामी विषयों की परीक्षाओं को भी इसी अनुशासन और सख्ती के साथ संपन्न कराने का दावा किया है। इधर विद्यार्थी अगले पेपर की तैयारी में जुट गए हैं, जबकि अभिभावक भी समय पर जगाने से लेकर परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने की जिम्मेदारी निभाते हुए अपनी बोर्ड ड्यूटी पूरी कर रहे हैं।

### पीएम सूर्य घर...

काम कर रहे हैं। इससे ईमानदार और पंजीकृत अन्य वेंडर्स के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। इस कथित नेक्सस का सीधा असर योजना की गुणवत्ता पर पड़ रहा है। कई स्थानों पर घटिया सामग्री के उपयोग और अधूरे इंस्टॉलेशन की शिकायतें भी सामने आ रही हैं, जिससे उपभोक्ताओं को भविष्य में तकनीकी नुकसान और आर्थिक बोझ उठाना पड़ सकता है। **राजनीतिक मुद्दा बनने की आशंका-**विशेषज्ञों का मानना है कि यदि इस व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित नहीं की गई, तो यह मामला जल्द ही राजनीतिक रंग ले सकता है। विपक्षी दल इसे सरकार की जनकल्याणकारी योजना में भ्रष्टाचार का उदाहरण बताकर बड़ा मुद्दा बना सकते हैं, जिससे प्रशासन की छवि और योजना की साख दोनों प्रभावित होंगी। फिलहाल जरूरत इस बात की है कि योजना के मूल उद्देश्य—हर घर सौर ऊर्जा, हर परिवार को राहत—को केंद्र में रखकर पारदर्शी, निष्पक्ष और तकनीकी रूप से मजबूत व्यवस्था लागू की जाए। अन्यथा, मुफ्त बिजली का सपना उपभोक्ताओं के लिए महंगे कर्ज और अव्यवस्था का कारण बन सकता है।

### भाजपा नेता योगेश...

सरकार की नीतियों से किसानों, महिलाओं, युवाओं और ग्रामीण क्षेत्रों को निरंतर लाभ मिल रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में बेमेतरा जिला भी विकास की नई ऊँचाइयों को छुएगा तथा जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचेगा। योगेश तिवारी ने मुख्यमंत्री के सफल नेतृत्व, उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना करते हुए कहा कि उनका समर्पण और जनसेवा की भावना पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में लक्ष्मी नारायण, अनिल कांगो, जगदीश अग्रवाल, महेश बोवनी, सकलदेव, सुनील तिवारी, तुकाराम, मोहन दास नायर, मोहनलाल, शांति लाल जैन, संजय, संत, प्रियांशु सहित सैकड़ों बुजुर्गजन उपस्थित रहे।

## हृदय रोग से पीड़ित छात्रा का सफल उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा



■ प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग का प्रयास रंग लाया

छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य विभाग की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के तहत विकासखंड की शासकीय प्राथमिक शाला करेली में अध्ययनरत कक्षा पांचवीं की छात्रा जीतेश्वरी साहू के हृदय संबंधी रोग का सफल उपचार कराया गया।

विद्यालय में स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान चिकित्सकीय दल ने छात्रा के हृदय में समस्या की आशंका व्यक्त की। तत्पश्चात उसे जिला चिकित्सालय दुर्ग के बाल रोग निदान केंद्र में विस्तृत जांच हेतु भेजा गया। जांच के बाद चिकित्सकों ने उच्च स्तरीय उपचार की आवश्यकता बताते हुए उसे सत्य साईं हॉस्पिटल, नया रायपुर रेफर किया।

नया रायपुर स्थित अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने सफलतापूर्वक हृदय का उपचार किया। उपचार के बाद छात्रा को स्वस्थ अवस्था में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। वर्तमान में जीतेश्वरी पूरी तरह स्वस्थ होकर अपने घर लौट आई है और नियमित रूप से विद्यालय जाकर पढ़ाई कर रही है। उल्लेखनीय है कि इस उपचार में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों, विद्यालय के प्रधानपाठक एवं शिक्षकों, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का विशेष सहयोग रहा। छात्रा के परिजनों ने शासन एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### 12 वी बोर्ड परीक्षा व सशिमं जामगांव आर में पूर्व प्राथमिक वार्षिक परीक्षा प्रारंभ

**जामगांव आर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा शुक्रवार को हायर सेकेंडरी परीक्षा 2026 की परीक्षा शुरू हुई। जिसमें सेजस जामगांव आर परीक्षा केंद्र क्रमांक - 141119 में विषय- भूगोल/ भौतिक शास्त्र की अपेक्षित - 122 विधार्थियो में से उपस्थित- 120 विधार्थियो ने परीक्षा दिए। भूगोल और भौतिक विज्ञान के 1-1 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे।

परीक्षा केंद्र सेजस जामगांव आर केंद्र क्रमांक - 141119में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल भरर, सरस्वती शिशु मंदिर उ. मा .माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर तथा सेजस जामगांव आर के परीक्षार्थी शामिल हुए ।

**सरस्वती शिशु मंदिर में अरुण उदय की परीक्षा प्रारंभः** वहीं दूसरी ओर सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर ने पूर्व प्राथमिक कक्षा अरुण एवं उदय की वार्षिक परीक्षा शुक्रवार से प्रारंभ की।

## पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला सिरसिदा में सांस्कृतिक गतिविधि का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

पीएम श्री योजना के अंतर्गत पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला सिरसिदा में सांस्कृतिक गतिविधियों का सफल एवं उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं वंदना के साथ किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में शाला के सभी अध्ययनरत विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। बच्चों द्वारा प्रस्तुत संदेशप्रद प्रहसन, देशभक्ति एवं लोकनृत्य ने सभी को भावविभोर कर दिया। इसके साथ ही विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई कलाकृतियों की आकर्षक प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें मिट्टी की कलाकृतियां, चित्रकारी, थाली सजावट एवं दिया सजावट विशेष रूप से सराहनीय रही। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभा की खुलकर प्रशंसा की।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष गुंडरदेही पुरुषोत्तम चंद्राकर थे। उनके साथ सरपंच सरस्वती इंद्रजीत चंद्राकर, उपसरपंच दामिनी चंद्राकर, शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष गीता देशलहरे, उपाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद साहू, प्रहलाद चंद्राकर आदि मौजूद थे।

**खबर संक्षेप**

### महिला उद्यमियों ने सीखे उत्पादों की ब्रांडिंग व मार्केट डेवलपमेंट के गुर



**भिलाई।** जिले में महिला उद्यमियों को बाजार से जोड़ने, उनके उत्पादों की बिक्री एवं ब्रांडिंग को सुदृढ़ करने तथा राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर बाजार विस्तार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम भिलाई के एमआईसी कक्ष में 36 महिला उद्यमियों हेतु मार्केट डेवलपमेंट असिस्टेंस कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य महिला उद्यमियों, स्वयं सहायता समूह के सदस्यों एवं महिला संचालित बाजार विकास सहायता योजनाओं, प्रदर्शिनी/मेले में भागीदारी, ब्रांडिंग, पैकेजिंग सुधार एवं डिजिटल मार्केटिंग के माध्यम से व्यवसाय विस्तार हेतु सक्षम बनाना है। महिला उद्यमिता न केवल आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम है, बल्कि यह सामाजिक परिवर्तन एवं स्थानीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मार्केट डेवलपमेंट असिस्टेंस जैसे हस्तक्षेप महिला उद्यमियों को बड़े बाजारों तक पहुंच बनाने में सहायता प्रदान करते हैं। कार्यशाला के दौरान महिला उद्यमियों हेतु उपलब्ध मार्केट डेवलपमेंट असिस्टेंस योजनाएँ, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तरीय प्रदर्शिनी/मेले में भागीदारी की प्रक्रिया, उत्पाद ब्रांडिंग, पैकेजिंग एवं लेबलिंग सुधार, गुणवत्ता प्रमाणन एवं मानकीकरण का महत्व, बी 2 बी एवं बी 2 सी मार्केट लिंकज के अवसर, ई-कॉमर्स एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से बिक्री विस्तार, सरकारी सहायता एवं अनुदान प्राप्त करने की प्रक्रिया सम्मिलित है। प्रतिभागियों ने कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी, प्रेरक एवं मार्गदर्शक बताया। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर रोहित शर्मा, वासुदेव वर्मा एवं जिला कांडिनेटर शशांक सोनी सहित मिशन मैनेजर एकता शर्मा उपस्थित रहे।

### गौरव पथ स्थित गुमटियों का किया जाएगा आवंटन

**दुर्ग।** नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत गौरव पथ, पदमनाभपुर रोड, एल.आई.सी. ऑफिस के सामने स्थित रिक्त गुमटियों के आवंटन के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। निर्धारित समयावधि में प्राप्त आवेदनों का विधिवत पंजीयन कर पात्रता परीक्षण की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। निगम प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया गया है कि आवंटन प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी एवं नियमानुसार हो, जिससे पात्र आवेदकों को निष्पक्ष अवसर प्राप्त हो सके। प्राप्त आवेदनों के परीक्षण के पश्चात पात्र एवं अपात्र आवेदकों की सूची तैयार कर नगर निगम कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा कर दी गई है। दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 2 मार्च यदि किसी आवेदक को सूची के संबंध में किसी प्रकार की आपत्ति हो, तो 19 फरवरी से 2 मार्च तक कार्यालयीन समय में लिखित रूप से अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। सभी आपत्तियों का परीक्षण नियमानुसार किया जाएगा एवं अंतिम सूची प्रकाशन उपरांत गुमटियों का आवंटन प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। प्रशासन का प्रयास है कि पात्र हितग्राहियों को विधिसम्मत रूप से स्थान उपलब्ध कराया जाए, जिससे शहर की यातायात व्यवस्था एवं सौंदर्यीकरण भी सुदृढ़ हो।

# डामरीकरण में बरती लापरवाही तो ठेकेदार व अधिकारी होंगे जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

शहर में इन दिनों गड्ढों वाली सड़कों का डामरीकरण किया जा रहा है। इसके अलावा नालियों का निर्माण, चेकर टाइल्स बिछाने से लेकर अन्य कार्य किए जा रहे हैं। शुक्रवार को महापौर अलका बाघमार वार्ड-48 स्थित पुलिस लाइन क्षेत्र पहुंची। उन्होंने डामरीकरण कार्य का निरीक्षण किया।

लापरवाही देखकर उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर के 60 वार्डों में कहीं भी कार्य की गुणवत्ता में लापरवाही सामने आती है, तो उस काम का सब इंजीनियर और कार्य एजेंसी सीधे तौर पर जिम्मेदार समझे जाएंगे। दोनों पर नियमतः कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने उच्च अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखा जाए। वे नियमित रूप से शहर में होने वाले कामों का निरीक्षण करेंगी। इस दौरान एमआईसी मेंबर देवनारायण चंद्राकर, नीलेश अग्रवाल, लोकेश्वरी ठाकुर, ललिता ठाकुर,उप अभिंयता करण यादव सहित अन्य मौजूद थे।

## महापौर अलका बाघमार की दो टूक, कहा- वार्ड में काम के दौरान मिली शिकायत पर होगी जांच

### वार्डवासियों को मिलेगी बेहतर सड़क सुविधा

महापौर ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता, मोटाई एवं निर्धारित मापदंडों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता सर्वोपरि है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। महापौर की मौजूदगी में वार्ड प्रभारी देव नारायण चंद्रकार ने स्वयं टेप लेकर सड़क निर्माण कार्य की नापजोख की। सड़क की चौड़ाई एवं डामर की परत की मोटाई का मौके पर परीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। महापौर ने कहा कि पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है।



### कार्य के तकनीकी मानकों के परीक्षण की जिम्मेदारी इंजीनियरों की

महापौर ने अधिकारियों एवं ठेकेदार को निर्देशित किया गया कि कार्य निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप ही पूर्ण किया जाए। गुणवत्ता में कमी मिली तो होगी कार्रवाई,महापौर अलका बाघमार ने अधिकारियों एवं संबंधित ठेकेदार को स्पष्ट शब्दों में निर्देश दिए कि सड़क डामरीकरण कार्य मजबूती और टिकाऊ गुणवत्ता के साथ किया जाए, ताकि आम नागरिकों को लंबे समय तक बेहतर सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में घटिया सामग्री या मानक से कम मोटाई पाए जाने पर संबंधित एजेंसी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कार्य पूर्ण होने तक नियमित मॉनिटरिंग जारी रखने के निर्देश भी दिए गए।

## कृषि मंत्री रामविचार नेताम और शिक्षामंत्री गजेंद्र यादव ने किया भूमिपूजन

# साथी बाजार का काम शुरू, बनेंगे कोल्ड स्टोरेज दुकानों में 20% सस्ते दाम में मिलेंगे सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

## 60 करोड़ की लागत से रुआबांधा में खुलेगा सेंटर, मिलेगी मॉल जैसी सुविधा

प्रदेश का पहला साथी बाजार दुर्ग के रुआबांधा क्षेत्र में खुलेगा। करीब 60 करोड़ रुपए की लागत से पूरा इन्फ्रैस्ट्रक्चर तैयार किया जाएगा। जहां 200 से ज्यादा दुकानों और कोल्ड स्टोरेज का निर्माण किया जाएगा। इन दुकानों में बड़े शॉपिंग मॉल की तरह सारे सामान उपलब्ध होंगे, वे भी बाजार से 20 प्रतिशत कम दाम में। किसान सीधे अपना उत्पाद यहां लाकर बेच सकेंगे। बाजार हर तरह की सुविधा उपलब्ध कराने की तैयारी शासन स्तर पर की गई है। शुक्रवार को कृषि मंत्री रामविचार नेताम और शिक्षामंत्री गजेंद्र यादव ने इसका भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर विशेष रूप से मौजूद थे। किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए यह बाजार विकसित किया जा रहा है। इसमें कृषकों के स्व सहायता समूहों, एफपीओ को उनके उत्पाद सीधे उपभोक्ता को विक्रय करने हेतु अपना मंडी उपलब्ध होगा। कृषकों के स्व सहायता समूहों, एफपीओ को अपने उत्पादो का भण्डारण करने के लिये 5000 मीट्रिक टन का कोल्डस्टोरेज उपलब्ध कराया जायेगा। इस अवसर पर जिला पंचायत की अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, जितेन्द्र साहू, सुरेन्द्र कौशिक, संभाग आयुक्त एसएन राठौर, बीज निगम के संचालक अजय अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।



### शहतूत कोसा का प्रोडक्शन करने की भी तैयारी, हुआ अनुबंध

इस अवसर पर मंत्री नेताम की मौजूदगी में किसान कल्याण एवं कृषि के नवाचार हेतु चार एमओयू भी हुए। सेरीक्रॉफ्ट फाउण्डेशन रायपुर द्वारा शहतूत कोसा उत्पादन कर उत्पादित कोसा को खरीदने की व्यवस्था, कवरक्रॉफ्ट इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा जोखिम को कवर करने के लिए सभी किसानों व जरूरतमंदों को बीमा सुरक्षा, स्वामी विवेकानंद टेक्नीकल युनिवर्सिटी द्वारा ग्रामीण प्रौद्योगिकी एवं इन्टरप्रेनरशीप कृषकों एवं उनके विद्यालयीन बच्चों के लिए शिक्षक प्रशिक्षण उद्यम एवं विपणन हेतु मेंबरशीप देना तथा श्री बलराम कृषि को-ऑपरेटिव सोसायटी द्वारा फसल परिवर्तन नेपियर घॉस उगाकर उपज की खरीददारी, पलारी विस्तारकरण हेतु कांफ्रेंस, बायोगैस एवं पैलेट निर्माण कर किसानों की आय में वृद्धि किया जाएगा।

### साथी बाजार में प्रोसेसिंग यूनिट भी रहेगी उपलब्ध

अधिकारियों ने बताया कि कृषकों के स्व सहायता समूहों, एफपीओ को अपने उत्पादों का प्रसंस्करण कराने के लिये प्रसंस्करण उद्योग स्थापित किया जाएगा। कृषकों को उच्च गुणवत्ता एवं उचित मूल्य पर आदान सामग्री उपलब्ध कराने के लिये एग्रीमॉल स्थापित किया जाएगा। कृषकों को नवीन तकनीक की जानकारी एवं सलाह, किराये पर उपकरण तथा परीक्षण सुविधा उपलब्ध कराने के लिये कृषक सहायता केन्द्र स्थापित किया जायेगा। जिसका संचालन विश्वविद्यालय के स्नातकों द्वारा किया

### बूट मॉडल पर तैयार किया जाएगा साथी बाजार

प्रदेश एवं देश के प्रसिद्ध रेस्टोरेंट को अपना विक्रय काउंटर खोलने के लिये स्थल बूट मॉडल पर उपलब्ध कराये जायेंगे। प्रदेश एवं देश के प्रसिद्ध गेमिंग कंपनियों को अपना काउंटर खोलने के लिये स्थल बूट मॉडल पर उपलब्ध कराये जायेंगे। राज्य की शासकीय इकाईयों जैसे दुग्ध महासंघ, लघुवनोपज संघ, हस्तशिल्प विकास निगम इत्यादि को अपने उत्पाद विक्रय करने के लिए जगह उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा शॉपिंग मॉल की तर्ज पर कई बड़ी कंपनियों के शो रूम को भी नियमों के तहत जगह उपलब्ध कराई जाएगी।

### कृषक प्रशिक्षण हॉल व छात्रावास का लोकार्पण

शुक्रवार को रुआबांधा स्थित कार्यालय क्षेत्रीय कृषि प्रसार एवं प्रशिक्षण संस्थान परिसर में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत नवनिर्मित कृषक प्रशिक्षण हॉल एवं कृषक छात्रावास का लोकार्पण किया। नेताम ने कहा कि प्रशिक्षण हॉल एवं छात्रावास दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले किसानों के लिए सुविधाजनक होगा, जिससे वे आवासीय प्रशिक्षण लेकर नई तकनीकों को अपनाएंगे। साथ ही किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने हेतु नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए।

# रक्तदान करने वाले विद्यार्थियों और शिक्षकों का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

डीएवी मॉडल कॉलेज दुर्ग और आरोग्य ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वावधान में रक्त दान शिविर का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया। मुख्य अतिथि आर्य शिक्षा समिति के अध्यक्ष विनीत बंसल, विशेष अतिथि उपाध्यक्ष विनीत श्रीवास्तव थे। शिविर में ब्लड प्रेशर, ब्लड ग्रुप, हिमोग्लोबिन, एचआईवी, वीडीआरएल, मलेरिया आदि की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई। कामनेश, रंजना, जनकलाल, सुभद्रा, धनंजय, राकेश, विकास, ईशांत, संदीप, पलाश, खेमराज एवं 24 छात्र-छात्राओं और प्राध्यापकों ने जांच के बाद रक्त दान किया। समिति के अध्यक्ष विनीत बंसल द्वारा रक्तदान को प्रोत्साहित करने रक्त दान देने वाले छात्र-छात्राओं और प्राध्यापकों को फ्री ईयरफोन व हेलमेट का वितरण किया। उन्होंने बताया कि रक्त दान से हम लोगों का जीवन बचा सकते है और अपना शारीर भी स्वस्थ रख सकते हैं। महाविद्यालय प्रतिवर्ष ऐसे सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करता रहता है। इस दौरान सचिव संतोष शर्मा, कोषाध्यक्ष सुजीत खरे, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. पुष्पा पाण्डेय, उषा साहू, एल शाने, मधु यादव, ज्योति सिंह, सिंपल शर्मा, प्रियंका मिश्रा, दामिनी साहू, हेमलता सेन सहित समस्त छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

- डीएवी मॉडल कॉलेज दुर्ग में रक्तदान शिविर का आयोजन

# शिविर में 90 बीमित श्रमिकों की स्वास्थ्य की जांचकर दी गई दवाई




**दुर्ग।** कर्मचारी राज्य बीमा योजना, श्रम विभाग अंतर्गत पंजीकृत बीमित श्रमिकों के प्रतिमाह स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन करने के निर्देश दिये गये थे, जिसके परिपालन में मैत्री विद्या निकेतन, विद्यालय, रिसाली-भिलाई में कर्मचारी राज्य बीमा सेवायें रिसाली मरौदा केन्द्र द्वारा श्रमवीर स्वास्थ्य जाँच शिविर आयोजित किया। बीमा चिकित्सा पदाधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार शिविर में 90 बीमित व्यक्ति श्रमिकों का स्वास्थ्य संबंधी जॉच कर औषधि का वितरण किया गया। शिविर में बीमारी से बचने के लिए जागरूक रहने के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। कर्मचारी राज्य बीमा सेवायें, श्रम विभाग रिसाली मरौदा केन्द्र प्रभारी बीमा चिकित्सा पदाधिकारी डॉ श्रीमती सूर्या वर्मा के नेतृत्व में स्टॉफ नर्स किरण, फॉर्मासिस्ट, अनुराधा बघेल, सहायक मो. तैयुब अंसारी, धनजंय वर्मा, हुमन की टीम ने कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूगता संबंधी जानकारी देने सेवाएं दी।

# दिव्यांग शिविर में 153 हितग्राही चिन्हांकित



**दुर्ग।** एनटीपीसी-सेल कम्पनी लिमिटेड के निगमित सामाजिक दायित्व (सी.एस.आर.) योजना तथा भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम सहायक उत्पादन केन्द्र एवं समाज कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 20 फरवरी को जनपद पंचायत के सभागार में दिव्यांगजन सहायक उपकरण वितरण के लिए चिन्हांकन, मूल्यांकन तथा परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। उप संचालक समाज कल्याण से मिली जानकारी अनुसार शिविर में 197 हितग्राही सम्मिलित हुए जिसका परीक्षण उपरान्त 153 पात्र हितग्राहियों को सामग्री के लिए चिन्हांकित किया गया है। उक्त चिन्हांकन, मूल्यांकन तथा परीक्षण शिविर में सुश्री प्रिया साहू, सभापति जिला पंचायत दुर्ग, लोमेश चन्द्राकर एवं गोकुल वर्मा, सभापति जनपद पंचायत दुर्ग, देवनारायण चन्द्राकर, पार्षद एवं लोक कर्म प्रभारी, नगर पालिक निगम दुर्ग, हितेश देशमुख, विधायक प्रतिनिधि एवं एपी गौतम, उपसंचालक, समाज कल्याण विभाग दुर्ग एवं समाज कल्याण विभाग दुर्ग के अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शहर में सब-स्टेशन की क्षमता बढ़ी, 8 एमवीए ट्रांसफार्मर से 8246 उपभोक्ता होंगे लाभांवित

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

शहर की बिजली व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना के तहत 33/11 केवी दुर्ग टाउन सब-स्टेशन में लगे 5 एमवीए पावर ट्रांसफार्मर को बदलकर 8 एमवीए का नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है।

- गर्मी के दिनों में लोगों को मिलेगी राहत



मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल के मार्गदर्शन और अधीक्षण अभियंता जे. जगन्नाथ प्रसाद के निर्देशन में यह कार्य पूरा हुआ। अपग्रेडेशन के बाद दुर्ग टाउन उपकेंद्र की कुल क्षमता 15 एमवीए से बढ़कर 18 एमवीए हो गई है। इस परियोजना पर 89.79 लाख रुपये की लागत आई है। क्षमता वृद्धि का सीधा लाभ इंदिरा मार्केट, खंडेलवाल कॉलोनी, तकिया पारा, मिलपारा और डीपरा पारा जैसे घनी आबादी वाले इलाकों के करीब 8246 उपभोक्ताओं को मिलेगा। गर्मी के मौसम में बढ़ते लोड को देखते हुए यह कदम उठाया गया है, ताकि लो-वोल्टेज की समस्या से राहत मिले और घरेलू व व्यावसायिक उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण, निर्बाध बिजली मिल सके। सफल चार्जिंग और ऊर्जीकरण के दौरान कार्यपालन अभियंता धर्मेंद्र भारती, दुर्गेश नंदिनी देवांगन, आर.के. दानी सहित सहायक और कनिष्ठ अभियंता तथा तकनीकी कर्मचारी मौजूद थे। अधिकारियों का कहना है कि यह क्षमता वृद्धि न केवल वर्तमान जरूरतों को पूरा करेगी, बल्कि भविष्य में बढ़ते विद्युत भार को संतुलित करने में भी मददगार साबित होगी।

### जल संरक्षण व स्वच्छता संदेश देने आयोजन आज

**भिलाई।** संत निरंकारी मिशन द्वारा प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत स्वच्छ जल, स्वच्छ मन अभियान का चौथे चरण का शुभारंभ 22 फरवरी रविवार को पूरे भारत में प्रारम्भ किया जा रहा है। इसी कड़ी में भिलाई में यह अभियान सुबह 7 बजे से सेक्टर 8 स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन के पास प्रारम्भ किया जाएगा। इस अभियान के तहत नहर व नहर के आसपास सफाई की जाएगी। ब्रांच संयोजक सतपाल सिंह सैनी ने बताया कि यह अभियान देश भर में 1500 से अधिक स्थानों पर एक साथ आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से मानव जगत को जल संरक्षण व स्वच्छता संदेश देना है। उन्होंने बताया कि निरंकारी बाबा हरदेव सिंह महाराज की शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए 2023 में संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से प्रोजेक्ट अमृत का सूत्रपात किया गया था।

### ईश्तहार/आम सूचना

वाके मौजा प.ह.नं. 26 रा.नि.मं. बेमेतरा तहसील व बेमेतरा (छ.ग.) स्थित व्यावसायिक व परिवर्तित भूमि ख.नं. 270/13 का टु. का टु. 18x61 = 1098 वर्ग फिट के संबंध में।

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सुचित किया जाता है, कि पक्षकार (क्रेता)

1. नीरज चांडक पिता दुलीचंद चांडक उम्र 39 वर्ष वार्ड नं. 19 बेमेतरा व तह. जिला बेमेतरा (छ.ग.) आधार नं. 5956 4546 0218

2. राहुल सलूजा पिता हरभजन सलूजा उम्र 31 वर्ष निवासी वार्ड नं. 7 पंजाबी पारा तह.व जिला बेमेतरा (छ.ग.) आधान नं. 3294 3394 9661 ने विक्रेता सुशील साहू पिता दरबारी राम साहू उम्र 69 वर्ष निवासी भूमिस्वामी हक के स्वामित्व व आधिपत्य कि भूमि वाके मौजा ग्राम सिघरी प.ह.नं. 26 तह. व जिला बेमेतरा (छ.ग.) स्थित व्यावसायिक व परिवर्तित भूमि ख. नं. 270/13 का टु. 18X61 = 1098 वर्ग फिट भूमि है जिसको क्रय करने का पक्का सौदा तय कर बतौर ब्याना राशि अदा कर इकरारनामा निष्पादित कर लिया गया है जिसका बैनामा का निष्पादन व पंजीयन शेष है।

अतः उपरोक्त दर्शित व्यावसायिक व परिवर्तित भूमि के संदर्भ में जिस किसी भी व्यक्ति संस्था निगम निकाय, साहुकार बैक, वित्त प्रदान करने वाली संस्था प्राधिकरण शासकिय एवं अर्धशासकिय निकाय निजी संस्था, मंडल को किसी भी प्रकार कि कोई दावा आपत्ति वाद विवाद निहित हो, तो वह अपनी आपत्ति मय प्रमाणित दस्तावेजो के साथ मेरे निम्नलिखित पते पर कार्यलयीन अवधि मे इस आम सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर प्रस्तुत करे। उपरोक्त अवधि के अवसान के उपरांत प्राप्त आपत्तियों एवं दावे शुन्य एवं विधि विरूद्ध समझी जावेगी और मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।

**सो सूचना जाने।**

स्थान- बेमेतरा
दिनांक - 20/02/2026

केशव कुमार नामदेव
अधिवक्ता, बेमेतरा
जिला बेमेतरा (छ.ग.)
मो.- 9425561348

## कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर कार्रवाई

# अतिक्रमण हटाया, दुर्ग निगम की त्वरित कार्रवाई से मार्ग हुआ मुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

नगर पालिक निगम दुर्ग अंतर्गत जे.आर.डी. स्कूल के समीप सड़क पर कम्पनी मारुति सुजुकी द्वारा अवैध रूप से टेंट लगाकर आवागमन बाधित किए जाने का मामला सामने आया। गुरूवार सुबह कार्यालय जाते समय कलेक्टर अभिजीत सिंह की नजर इस अतिक्रमण पर पड़ी, जिस पर उन्होंने तत्काल नगर निगम आयुक्त को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।



कलेक्टर के निर्देश के परिपालन में आयुक्त सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में निगम की अतिक्रमण टीम मौके पर पहुँची और त्वरित कार्रवाई करते हुए सड़क किनारे लगाए गए टेंट, ढांचा एवं अन्य सामग्री को जब्त कर लिया। कार्रवाई के दौरान मार्ग को पूर्णतः अवरोध मुक्त कराया गया, जिससे आम नागरिकों को सुगम आवागमन की सुविधा पुनः उपलब्ध हो सकी। नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहर में किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सार्वजनिक सड़कों और मार्गों पर बाधा उत्पन्न करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। निगम ने नागरिकों एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों से अपील की है कि वे नियमों का पालन करें तथा यातायात व्यवस्था में बाधा न उत्पन्न करें।

### गैर संकार्य कार्मिक भी सम्मानित

**भिलाई।** गैर संकार्य विभाग के कार्मिकों को भी कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। शिखा दीक्षित, एडमिनिस्ट्रेटिव एसोसिएट विजय कुमार माहूरकर, सेक्शन एसोसिएट, सिंदा सिंह, सेक्शन एसोसिएट रिजवाना हुसैन, सेक्शन आफिसर आलोक ताम्रकार, इंजीनियरिंग एसोसिएट वाईव्ही एस एस शर्मा, विनोद कुमार जैन, मनराखन सिंह वर्मा, जूनियर इंजीनियर किरण साधू, सेक्शन आफिसरको कर्म शिरोमणि पुरस्कार प्रदान किया गया। अतिथियों ने विजेताओं को उत्कृष्टता प्रमाण-पत्र, स्मृति चिन्ह प्रदान किया। मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता, अमूल्य प्रियदर्शी, नीरज वारनर आदि अधिकारी उपस्थित थे।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा आज

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, रायपुर द्वारा राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2025 आगामी 22 फरवरी को आयोजित की जाएगी। उक्त परीक्षा दो पालियों में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा अपरान्ह 3 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी। इस परीक्षा के लिए कबीरधाम जिले में 05 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें कुल 2220 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा में शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखने तथा अभ्यर्थियों द्वारा अनुचित साधनों के प्रयोग को रोकने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। कलेक्टर अधिकारियों को सभी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। डिप्टी कलेक्टर एवं परीक्षा के नोडल अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिन अभ्यर्थियों के नाम,सरनेम तथा फोटो पहचान पत्र में किसी भी प्रकार का अंतर है ।

## शोध निर्देशक के लिए आवेदन 6 मार्च तक

**कवर्धा।** कवर्धा दुर्ग के हेमचंद विवि ने शोध निर्देशक के लिए आवेदन आमंत्रित किए है। इसमें अलग-अलग 19 विषय शामिल हैं। बताया गया है कि उपरोक्त विषय में आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख 6 मार्च है।

## ग्राम पंचायत रूसे के सचिव को हटाने पंच व ग्रामीण लामबंद

**कुण्डा।** ग्राम पंचायत रूसे में पदस्थ पंचायत सचिव के स्थानांतरण के बावजूद प्रभार नहीं सौंपे जाने को लेकर पंचायत के पंचगण एवं ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। सचिव को हटाने और नवीन प्रभारी सचिव को कार्यभार दिलाने की मांग को लेकर बुधवार, 18 फरवरी 2026 को बड़ी संख्या में ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे और कलेक्टर गोपाल वर्मा को ज्ञापन सौंपा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कार्यालय जिला पंचायत कबीरधाम द्वारा 11 फरवरी 2026 को आदेश क्रमांक 258/पंचा./सचिव स्था./2026 जारी कर प्रशासनिक व्यवस्था एवं कार्य संचालन की दृष्टि से ग्राम पंचायत रूसे के सचिव का अन्य पंचायत में स्थानांतरण कर दिया गया था। आदेश के तहत नवीन प्रभारी सचिव के रूप में उत्तरा कुर्रे की पदस्थापना की गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि स्थानांतरण आदेश जारी होने के बाद भी पूर्व सचिव द्वारा प्रभारी सचिव उत्तरा कुर्रे को विधिवत प्रभार नहीं सौंपा जा रहा है।

# खेल शिक्षा का अभिन्न अंग, मानसिक व सामाजिक विकास होता है: वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

**पिपरिया स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव का भव्य आयोजन**

शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला पिपरिया विकासखंड साजा में वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन बड़े उत्साह और उमंग के साथ किया गया।

इस खेल महोत्सव में कक्षा पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। विद्यालय परिसर में पूरे दिन उत्सव जैसा माहौल रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ शाला के प्रधान पाठक नरसिंह लहरें एवं प्राथमिक प्रधान पाठक डोगेन्द्र वर्मा के द्वारा किया गया।

विद्यार्थियों ने दौड़, आलू दोड़, बोरा दौड़, मेंढ़क दौड़,सुरिली कुर्सी, कबड्डी, खो-खो, तथा अन्य विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों में खेल भावना, अनुशासन और टीम भावना स्पष्ट रूप से देखने को मिली।

प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रथम एवं द्वितीय स्थान के लिए मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। विजेता बच्चों के चेहरे पर खुशी और आत्मविश्वास झलक रहा था। इस अवसर पर शिक्षकों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल शिक्षा का अभिन्न अंग है और इससे शारीरिक, मानसिक तथा सामाजिक विकास होता है।



### पढ़ाई के साथ खेल भी जरूरी: प्रधान पाठक

अंत में प्रधान पाठक डोगेंद्र वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न सह-शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। खेल महोत्सव के माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और प्रतिस्पर्धा की स्वस्थ भावना विकसित होती है। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर अभिभावकों एवं ग्रामवासियों ने विद्यालय परिवार की सराहना की। पूरा कार्यक्रम उत्साह, अनुशासन और आनंद के वातावरण में संपन्न हुआ।कार्यक्रम के सफल संचालन में शाला परिवार के शिक्षक उत्तम साहू, खुमान साहू, कुलेश्वर ठाकुर एवं निखिल तिवारी का विशेष योगदान रहा। सभी शिक्षकों ने खेलों का संचालन, व्यवस्थापन और बच्चों का मार्गदर्शन कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## बीट प्रणाली मजबूत कर अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

# महिलाओं-बच्चों से जुड़े अपराधों के त्वरित निराकरण पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा पुलिसिंग व्यवस्था को तकनीकी रूप से मजबूत करने के उद्देश्य से डीआईजी रामकृष्ण साहू ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेमेतरा में राजपत्रित अधिकारियों, थाना/चौकी प्रभारियों एवं बीट आरक्षकों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में अपराध नियंत्रण, जनसंपर्क और तकनीकी संसाधनों के प्रभावी उपयोग पर विस्तृत चर्चा की गई। डीआईजी ने महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित अपराधों के मामलों की विशेष समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि ऐसे प्रकरणों का अभियान चलाकर त्वरित निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि यौन उत्पीड़न सहित अन्य गंभीर अपराधों की पीड़ित महिलाओं को पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना का लाभ दिलाने के लिए प्रकरण राज्य एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को समय पर भेजे जाएं। गुमशुदा बालक-बालिकाओं की तलाश के लिए भी विशेष अभियान चलाने पर जोर दिया गया।

- **गुमशुदा बालक-बालिकाओं की तलाश हेतु विशेष अभियान चलाने पर बल**



### तकनीकी समस्याओं का हो त्वरित निराकरण: डीआईजी

बैठक में सीसीटीएनएस के तहत एमएलसी एवं पीएम रिपोर्ट को ऑनलाइन संबंधित अस्पतालों तक प्रेषित करने की व्यवस्था को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए। साथ ही राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) द्वारा विकसित ई-समंस पोर्टल, समन्वय पोर्टल, साइबर पुलिस पोर्टल, सीइआईआर, जेसीसीटीपी वं सीएआईआर पोर्टल के सुचारू संचालन तथा तकनीकी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए टीम भावना से कार्य करने को कहा गया। डीआईजी ने बीट आरक्षकों को अपने-अपने क्षेत्र में नियमित भ्रमण कर नागरिकों से संवाद स्थापित करने, जुआ, सट्टा, अवैध शराब, गांजा एवं नशीली दवाओं के कारोबार पर नजर रखने तथा गुंडा एवं निगरानी बदमाशों की फाइलें अद्यतन रखने के निर्देश दिए। ग्राम अपराध पुस्तिका में प्रत्येक गांव की आपराधिक गतिविधियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों का विवरण नियमित रूप से दर्ज करने पर भी बल दिया गया।

### आरोपियों पर कार्रवाई के दिए निर्देश


उन्होंने ई-साक्ष्य, ई-समंस एवं ई-चालान के तहत की गई कार्यवाही की समयबद्ध एंट्री कर गूगल स्प्रेडशीट में अपलोड करने, लंबित अपराध, मर्ग, गुम इंसान एवं शिकायतों की पृथक मॉनिटरिंग करने तथा तीन से अधिक अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों पर जिला बदर की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। रात्रि गश्त, पेट्रोलिंग, कॉम्बिंग ऑपरेशन, सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा गोवंश तस्करी पर सख्त कार्रवाई करने पर भी विशेष जोर दिया गया। "सशक्त एप" के माध्यम से वाहन चेकिंग को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसडीओपी, थाना प्रभारी सहित जिले के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मुरकुटा में सरपंच के खिलाफ ग्रामवासियों ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के ग्राम पंचायत मुरकुटा में सरपंच की कार्यप्रणाली को लेकर ग्रामवासियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने सरपंच पर प्रस्ताव से अधिक सरकारी पेड़ों की अवैध कटाई कराने का गंभीर आरोप लगाया है। मामले को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्टर बेमेतरा एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बेमेतरा को लिखित शिकायत सौंपते हुए निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि एक ओर राज्य सरकार पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन को लेकर विभिन्न अभियान चला रही है, वहीं ग्राम पंचायत मुरकुटा में सरपंच द्वारा सरकारी जमीन पर लगे पेड़ों की अंधाधुंध कटाई कराई जा रही है। शिकायत में उल्लेख किया गया है कि पंचायत द्वारा तालाब सौंदर्यीकरण एवं रख-रखाव कार्य के लिए केवल 10 से 12 सरकारी पेड़ों को काटने का प्रस्ताव पारित किया गया था, लेकिन सरपंच ने प्रस्ताव की आड़ में लगभग 172 सरकारी पेड़ों की कटाई करवा दी।



### पहले भी लग चुके हैं आरोप

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि यह पहला मामला नहीं है। इससे पूर्व भी सरपंच द्वारा कथित रूप से फर्जी प्रस्ताव पारित कर मुरकुटा और आसपास के क्षेत्रों में स्थित जंगलों के पेड़ों को कटवाकर आरा मिल संचालकों को बेचने की शिकायत की जा चुकी है। उस समय भी ग्रामीणों ने आपत्ति दर्ज कराई थी, लेकिन प्रभाव के चलते मामला दबा दिया गया। अब पुनः सरकारी प्रयोजन के लिए आरक्षित भूमि पर लगे पेड़ों की कटाई से गांव में असंतोष और चिंता का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि इतनी बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई से पर्यावरण संतुलन प्रभावित होगा तथा भविष्य में जलस्तर और हरित क्षेत्र पर भी विपरीत प्रभाव पड़ेगा।

### जनप्रतिनिधियों में भी नाराजगी

मामले को लेकर ग्राम के अन्य जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं में भी रोष देखा जा रहा है। उनका कहना है कि पंचायत के प्रस्ताव का खुला उल्लंघन कर सरपंच ने मनमानी की है, जो पंचायत राज अधिनियम और पर्यावरण संरक्षण के नियमों के विरुद्ध है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि कटे हुए पेड़ों की वास्तविक संख्या का पंचनामा कराया जाए, दोषियों पर वैधानिक कार्रवाई हो तथा भविष्य में ऐसी अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए कड़े दिशा-निर्देश जारी किए जाएं।

### प्रशासनिक जांच की मांग

शिकायत में यह भी मांग की गई है कि पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और यदि वित्तीय अनियमितता या पेड़ों की अवैध बिक्री की पुष्टि होती है तो संबंधितों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाए।ग्रामवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को बाध्य होंगे। फिलहाल पूरे मामले में प्रशासन की ओर से जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी

# श्रीकृष्ण-रूखमणी विवाह कथा सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु

बेमेतरा। ग्राम बलौदी में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह के सातवें दिन शनिवार को कथावाचक पंडित जय श्रवण महाराज (सिमगा वाले) ने श्रीकृष्ण विवाह प्रसंग का रसपान कराते हुए कहा कि विदर्भ के राजा भीष्मक के घर रुक्मणी का जन्म हुआ। बाल अवस्था से भगवान श्रीकृष्ण को सच्चे हृदय से पति के रूप में चाहती थीं। लेकिन भाई रुक्मणी का विवाह शिशुपाल के साथ कराना चाहता था। रुक्मणी ने अपने भाई की इच्छा जानी तो उसे बड़ा दुख हुआ। अतः शुद्धमति के अंतपुर में एक सुदेव नामक ब्राह्मण आता-जाता था। रुक्मणी ने उस ब्राह्मण से कहा कि वे श्रीकृष्ण से विवाह करना चाहती हैं। सात श्लोकों में लिखा हुआ मेरा पत्र तुम श्रीकृष्ण तक पहुंचा देना। उन्होंने बताया कि रुक्मणी ने स्वयं को प्राप्त करने के लिए उपाय भी बताया।



पत्र में रुक्मणी ने बताया कि वह प्रतिदिन पार्वती की पूजा करने के लिए मंदिर जाती हैं, श्रीकृष्ण आकर उन्हें यहां से ले जाओ। पत्र के माध्यम से रुक्मणी ने कहा कि मुझे विश्वास है कि आप इस दासी को स्वीकार नहीं करेंगे तो मैं हजारों जन्म लेती रहूंगी। मैं किसी और पुरुष से विवाह नहीं करना चाहती हूं। उन्होंने बताया कि पार्वती के पूजन के लिए जब रुक्मणी आई, उसी समय प्रभु श्रीकृष्ण रुक्मणी का हरण कर ले गए। अतः रुक्मणी के पिता ने रीति रिवाज के साथ दोनों का विवाह कर दिया। कथावाचक पंडित जय श्रवण ने बताया कि रुक्मणी स्वयं साक्षात लक्ष्मी हैं और वह नारायण से दूर रह ही नही सकती। इस अवसर पर श्रीकृष्ण और रूक्मणि के विवाह की झांकी ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

# कृषि पंपों का बिजली बिल थमाना किसानों पर कुठाराघात : छाबड़ा

बेमेतरा। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने प्रदेश की साय सरकार पर किसानों के साथ अन्याय करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल के माध्यम से बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में 3 एचपी एवं 5 एचपी कृषि पंप धारक किसानों को बिजली बिल थमाया जा रहा है। इतना ही नहीं, बिल के साथ यह चेतावनी भी दी जा रही है कि निर्धारित समय सीमा में भुगतान नहीं करने पर किसानों के विरुद्ध न्यायालयीन कार्रवाई की जाएगी।



छाबड़ा ने इसे किसानों के साथ "कुठाराघात" बताते हुए कहा कि एक ओर भाजपा सरकार किसानों को कृषि कार्य के लिए मुफ्त बिजली देने का दावा कर अपनी पीठ थपथपाती है, वहीं दूसरी ओर उन्हीं किसानों को बिजली बिल भेजकर कानूनी कार्रवाई की धमकी दी जा रही है। यह सरकार का दोहरा चरित्र दर्शाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले धान खरीदी के नाम पर किसानों को विभिन्न नियमों और प्रक्रियाओं में उलझाकर परेशान किया गया और अब बिजली बिल के नाम पर उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। उनका कहना है कि यदि सरकार को किसानों से बिजली बिल ही लेना है, तो फिर खुले मंच से मुफ्त बिजली देने की घोषणा क्यों की जा रही है? यह किसानों के साथ छलावा है।

### अन्याय बंद नहीं हुआ तो करेंगे व्यापक आंदोलन

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियां किसान विरोधी और पूंजीवादी मानसिकता से प्रेरित हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसानों के साथ अन्याय बंद नहीं हुआ तो जिला कांग्रेस कमेटी किसानों को साथ लेकर जिले में व्यापक आंदोलन छेड़ेगी। विशेष रूप से बिजली विभाग के कथित मनमाने रवैये के खिलाफ बड़ा जन आंदोलन किया जाएगा।

# एआई समिट में अर्धनग्न प्रदर्शन, राष्ट्रवाद बनाम अवसरवाद की खुली लड़ाई: प्रज्ञा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने दिल्ली में चल रहे एआई समिट जैसे वैश्विक मंच पर युवा कांग्रेस द्वारा किए गए अर्धनग्न प्रदर्शन को "राष्ट्रवाद और अवसरवादी राजनीति के बीच स्पष्ट टकराव" करार दिया है, उन्होंने कहा कि जब विश्व समुदाय भारत की तकनीकी क्षमता, डिजिटल नेतृत्व और उभरती वैश्विक भूमिका का साक्षी बन रहा था, उसी समय कुछ राजनीतिक तत्वों ने अपनी क्षणिक सुर्खियों के लिए राष्ट्र की गरिमा को दांव पर लगा दिया। प्रज्ञा निर्वाणी ने तीखे शब्दों में कहाः आज देश के सामने दो रास्ते हैं ,एक राष्ट्रवाद का, जो भारत की प्रतिष्ठा, संस्कृति और विकास को सर्वोपरि रखता है दूसरा अवसरवाद का, जो राजनीतिक लाभ के लिए अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी देश को बदनाम करने से नहीं हिचकता। उन्होंने आरोप लगाया कि विचार और नीति के अभाव में विपक्ष अब अशोभनीय प्रदर्शन को राजनीतिक हथियार बना रहा है ,यह ल का स्वस्थ विरोध नहीं, बल्कि भारत की सकारात्मक छवि पर चोट करने का प्रयास है।श्रीमती निर्वाणी ने आगे कहा राष्ट्रवाद कहता है कि मतभेद हो सकते हैं, पर देश की अस्मिता से समझौता नहीं होगा,अवसरवाद कहता है कि सत्ता के लिए कोई भी सीमा पार की जा सकती है,एआई समिट की घटना इसी अवसरवादी मानसिकता का उदाहरण है।



### असहमति को तमाशे में बदलना देशहित के विपरीत: प्रज्ञा

प्रज्ञा निर्वाणी ने स्पष्ट किया कि भारत आज विश्व मंच पर सम्मान अर्जित कर रहा है, ऐसे समय में राजनीतिक असहमति को अंतरराष्ट्रीय तमाशे में बदलना देशहित के विपरीत है। यह समय राष्ट्रवाद को मजबूत करने का है, न कि अवसरवाद को बढ़ावा देने का, भारत की प्रतिष्ठा से खिलवाड़ करने वाली राजनीति को जनता लोकतांत्रिक तरीके से करारा जवाब देगी। कांग्रेस के गठबंधन के बड़े साथी समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने भी इस घटना पर अपनी असहमति व्यक्त की है।

# यादव समाज का सामूहिक विवाह व युवक-युवती परिचय सम्मेलन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज पंजीयन क्र. 5066 रायपुर से सबद्ध महानगर इकाई एवं जिला तथा महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में 22 फरवरी को एक दिवसीय प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं आदर्श सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है। समाज के प्रदेश सचिव एवं शहर जिला अध्यक्ष सुन्दर लाल यादव ने प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि कार्यक्रम महादेव घाट रायपुरा, रायपुर स्थित सामाजिक भवन में प्रातः 11 बजे से होगा।

- **स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव व सांसद बृजमोहन अग्रवाल रहेगें उपस्थित**

श्री यादव ने बताया कि कार्यक्रम दो सत्र में आयोजित किया जाएगा। प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव तथा द्वितीय सत्र के मुख्य अतिथि रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के प्रदेश अध्यक्ष जगनीक यादव करेंगे। इसके साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत, महापौर मीनल चौबे, चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव, खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव तथा बाल संरक्षण आयोग छत्तीसगढ़ की सदस्य एवं समाज की महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष आशा-संतोष यादव उपस्थित रहेंगे। श्री यादव ने बताया कि कार्यक्रम में प्रदेशभर के प्रबंधनकारिणी सदस्य, जिला, ब्लॉक परिक्षेत्र महानगर एवं समाज के आजीवन सदस्यों के साथ ही समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल होंगे। पत्रकार वार्ता में समाज के संरक्षक घुरऊराम यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शत्रुधन यादव, कार्यकारी अध्यक्ष प्रीतम यादव, सचिव बैशाखू राम यादव, कोषाध्यक्ष मतवारी यादव, संयुक्त सचिव नरेश यादव, न्याय प्रकोष्ठ अध्यक्ष परदेशी यादव, लेखापाल रामस्वरूप यादव एवं मीडिया प्रभारी शशिकांत यादव उपस्थित थे।

### इस वर्ष 21 जोड़ों का आदर्श विवाह कराने का रखा गया है लक्ष्य

उन्होंने बताया कि इस अवसर पर सामाजिक सम्मेलन, सामाजिक विभूतियों तथा मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 21 जोड़ों का आदर्श विवाह कराने का लक्ष्य रखा गया है। इस दौरान सभी जोड़ों के विवाह का खर्च समाज द्वारा वहन किया जाएगा। श्री यादव ने बताया कि विवाह योग्य वर-वधू की तलाश में परिवार जनों के समय व धन दोनों ही खर्च होता है। इसे बचाने और समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों को एक ही मंच पर लाकर उन्हें परिचय देने का अवसर दिया जाएगा। इससे अपने लडके या लडकी के अनुरूप युवक या युवती के परिचय देने पर कार्यक्रम स्थल पर ही उनके परिजनों को साथ बैठाकर आपस में चर्चा कराने की व्यवस्था भी की जा रही है। इससे उन्हें आगे भी मुलाकात कर चर्चा को आगे बढ़ाने और रिश्तेदारी में बदलने में आसानी होगी।

